श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६
दूरभाष : 011-46060503/548

**क्रमांक:** एफ-3(128)/LBSNSU/2025-26/1310 **दिनांक:** 14.10.2025

**प्रवेश-सूचना(III) -2025-26**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्ववित्तपोषित अंशकालीन के निम्नलिखित नवीनतम पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश आवेदन पत्र आमंत्रित करने की **अन्तिम तिथि दिनांक** 17/10/2025 तक बढ़ाई जाती है: -

(1) षाण्मासिक पुरालिपि एवं पाण्डुलिपि विज्ञान प्रमाणपत्रीय

(2) एकवर्षीय पी.जी. डिप्लोमा संगीतशास्त्र

(3) एकवर्षीय पी.जी. डिप्लोमा भरत का नाट्यशास्त्र पाठ्यक्रम

जिन आवेदकों द्वारा उपर्युक्त पाठ्यक्रम में ऑनलाईन माध्यम से आवेदन करते समय अपना पंजीकरण शुल्क जमा नही किया गया था वे भी अंतिम तिथि तक अपना पंजीकरण शुल्क जमा करवाने का कष्ट करें।

जिन आवेदकों द्वारा संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश पंजीकरण करवा लिया गया है वे आवेदक उक्त तिथि के भीतर में संबंधित विभाग की प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होकर साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण कर शैक्षणिक विभाग कक्ष संख्या -09 में ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करवाने हेतु लिंक प्राप्त करें। किसी भी परिस्थिति में अपूर्ण आवेदन पत्र पर विचार नही किया जाएगा।

प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण तथा शैक्षणिक नियम परिचायिका विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.slbsrsv.ac.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी हेतु संबंधित पाठ्यक्रम संयोजक से सम्पर्क कर सकते है। सम्पर्क सूत्र: (011-46060609)

यह सूचना सक्षम अधिकारी के आदेशानुसार जारी की जा रही है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

**प्रतिलिपि: सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित:-**

1. संबंधित पाठ्यक्रम संयोजक
2. डॉ. विजय गुप्ता, सहायक आचार्य, पाठ्यक्रम समन्वयक/जनसम्पर्क अधिकारी
3. निदेशिका-स्ववित्तपोषित अंशकालीन पाठ्यक्रम
4. निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.
5. उपकुलसचिव, लेखा
6. **सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर:** संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि ऑनलाईन माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करने तथा उक्त विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव कुलपति/कुलसचिव
8. संबंधित पंजिका
9. समस्त सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव(शैक्षणिक)

14/10/25